EDII

July 12, 2022

जेएनसीयू और ईडीआईआई अहमदाबाद के बीच हुए समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करती चंद्रशेखर विवि की कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय और प्रो. सुनील शुक्ला।

छात्रों को स्टार्टअप में मिलेगा अहम प्लेटफार्म

- चंद्रशेखर विवि व ईडीआईआई अहमदाबाद में एमओयू पर हस्ताक्षर
- विषय विशेषज्ञ के मार्गदर्शन से बढ़ाएंगे जानकारी

बलिया, वरिष्ठ संवाददाता। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई, अहमदाबाद-गुजरात) के बीच अहमदाबाद में एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है। वहां विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय और ईडीआईआई के डायरेक्टर प्रो. सुनील शुक्ला की उपस्थिति में नई शिक्षा नीति के तहत विकास पर करार हुआ।

चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पांडेय ने बताया कि इस महत्वपूर्ण एमओयू से विश्वविद्यालय के छात्रों को नयी जानकारी, नए शोध की जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी। महत्वपूर्ण समझौते के बाद जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के छात्रों को भी भविष्य में इससे काफी लाभ होगा और अपने स्टार्टअप को शुरू करने के लिए उचित प्लेटफॉर्म व अनुकूल वातावरण मिल सकेगा। एसोसिएट प्रो. (डॉ.) पुष्पा मिश्रा, सहायक प्रोफेसर डॉ लालविजय सिंह व असिस्टेंट प्रो. (डॉ) अमित सिंह ने पांच दिनों तक आदान-प्रदान किया।